भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान(मानद विश्वविद्यालय)
ICAR-National Dairy Research Institute (Deemed University)
करनाल, हरियाणा (भारत). पिन-132 001.
Karnal, Haryana (India). PIN-132 001

फा.सं.12-6/राजभाषा हिन्दी चेतना मास/2026 दिनांक : 18/09/2026

## परिपत्र

संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 03.09.2026 को आयोजित की गई तिमाही समीक्षा बैठक के अनुपालन में हिन्दी के प्रति अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रेरित और प्रोत्साहित करने तथा सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ाने हेतु दिनांक 18.09.2026 से 13.10.2026 तक संस्थान में हिंदी चेतना मास-2026 का आयोजन किया जाएगा। इसके अन्तर्गत हिन्दी चेतना मास-2026 के दौरान प्रतियोगिताओं का आयोजन निम्नानुसार किया जाएगा।

| क्रम सं. | प्रतियोगिता का नाम | तिथि एवं समय | वर्ग |
|---|---|---|---|
| 1. | हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता | **21.09.2026** अपराह्न 03:00 बजे से | हिन्दी भाषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक साथ जबकि अहिंदी भाषी कार्मिकों एवं सभी विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन अलग से किया जाएगा। |
| समय 2 घंटे, शब्द सीमा : न्यूनतम 1000 शब्द, प्रतियोगिता हिन्दी व हिन्दीतर भाषियों के साथ विद्यार्थियों के लिए एक साथ आयोजित की जाएगी। किन्तु दोनों श्रेणियों के प्रतियोगियों का मूल्यांकन समिति के द्वारा अलग-अलग किया जाएगा। **नामित किए जाने की अंतिम तिथि- 20.09.2026 (व्हाट्सप्प नंबर 8756812659) पर सूचित करें।** | | | |
| **स्थान : डेरी अर्थशास्त्र,सांख्यिकी एवं प्रबंधन प्रभाग** | | | |
| 2 | हिन्दी शोधपत्र/पोस्टर प्रदर्शन प्रतियोगिता | **23.09.2026** पूर्वाह्न 11:00 बजे से | वैज्ञानिक, तकनीकी वर्ग एवं विद्यार्थियों के लिए। |
| हिंदी शोध पत्र/पोस्टर प्रदर्शन प्रतियोगिता के लिए पोस्टर का मानक पोर्ट्रेट आकार **30** इंच x **40** इंच अपेक्षित है। मूल्यांकन समिति द्वारा प्रदर्शित हिंदी पोस्टरों का **30** अंक (विषय वस्तु के लिए **10** अंक, प्रस्तुति के लिए **10** अंक, भाषा की शुद्धता और सरलता के लिए **10** अंक) में मूल्यांकन किया जाएगा। पूर्व में प्रकाशित लोकप्रिय विषय के बजाय नए शोध कार्य/सरल संप्रेषित विषय को पुरस्कार चयन में प्राथमिकता दी जाएगी। **(राजभाषा एकक को सूचित करने की अंतिम तिथि : 22.09.2026)** | | | |
| **स्थान : प्रदर्शनी ईकाई** | | | |
| 3 | राजभाषा हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिता | **25.09.2026** अपराह्न 03:00 बजे से | सभी वर्गों (अधिकारियों एवं कर्मचारियों) के लिए संयुक्त रूप से |
| **स्थान : डेरी अर्थशास्त्र,सांख्यिकी एवं प्रबंधन प्रभाग** | | | |
| 4 | हिन्दी श्रुतलेखन प्रतियोगिता | 28.09.2026 अपराह्न 03:00 बजे से | सभी वर्गों (अधिकारियों एवं कर्मचारियों) के लिए संयुक्त रूप से |
| **स्थान : डेरी अर्थशास्त्र, सांख्यिकी एवं प्रबंधन प्रभाग** | | | |

हिन्दी दिवस-**2026** की कार्यशाला में (जिसकी सूचना बाद में प्रेषित की जाएगी) संस्थान के सभी संयुक्त निदेशक, प्रभागाध्यक्ष, अनुभागाध्यक्ष, प्रभारियों और राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्यों के साथ प्रशासनिक एवं ऑडिट अनुभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी सादर आमंत्रित किए जाते हैं। इस कार्यशाला में सभी इच्छुक अधिकारी एवं कर्मचारी भी सम्मिलित हो सकते हैं।

(यह सक्षम प्राधिकारी महोदय के अनुमोदनोपरांत जारी किया जा रहा है।)

धीरज शर्मा
**संयुक्त निदेशक (राजभाषा)**

<u>वितरण</u> :

1. निदेशक, भाकृअनुप-राडेअनुसं, करनाल को उनके प्रधान निजी सचिव के माध्यम से सूचनार्थ
2. संस्थान के सभी संयुक्त निदेशक, पदाधिकारी, प्रभागाध्यक्ष, अनुभागाध्यक्ष, प्रभारी तथा प्रशासन एवं लेखा अनुभाग के सभी अधिकारी/कर्मचारी के सूचनार्थ।
3. सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने हेतु सूचनार्थ।
4. प्रभारी, कंप्यूटर केंद्र को ई-ऑफिस नोटिस बोर्ड पर अपलोड करने हेतु।
5. प्रभारी, संचार केन्द्र, को कार्यक्रम के दिन कंप्यूटर ऑपरेटर एवं फोटोग्राफी की सुविधा देने बाबत्।
6. अध्यक्ष, डेरी अर्थशास्त्र, सांख्यिकी एवं प्रबंधन प्रभाग उपरोक्त प्रतियोगिताओं से संबंधित व्याख्यान कक्ष उपलब्ध कराने हेतु।